# समानताएं एवं अंतर
# (Similarites & Differnces )

## ❑ विजातीय छाँटें

**(1)** **शब्द-आधारित विजातीय–** ऐसे प्रश्नों में दिए गए शब्द समूह में से विजातीय शब्द का चयन करना होता है। शब्द समूह जीव-जन्तु, भवन, स्थल, वस्तु इत्यादि से निर्मित हो सकता है।

**जैसे–**मंगल, बुध, बृहस्पति, नेप्च्यून, अपोलो।।

इस शब्द समूह में अपोलो विजातीय है क्योंकि अन्य सभी ग्रह हैं, जबकि अपोलो मानव द्वारा प्रक्षेपित कृत्रिम उपग्रह है।

**(2)** **वर्णमाला सम्बन्धी विजातीय–**अक्षरों के समूह में कोई एक विजातीय तथा अन्य सभी किसी दृष्टि से समान हो सकते हैं। विभिन्न अक्षर समूहों में निम्नलिखित समानताएं हो सकती हैं, जिनके आधार पर विजातीय समूह अलग किया जा सकता है।

(1) अक्षरों का प्रत्येक समूह स्वर से प्रारम्भ हो सकता है, जैसे–IBP, ORM, UPR, EBD इत्यादि।

(2) अक्षरों के समूह में प्रत्येक अक्षर के समान अंतर के बाद अगला अक्षर आ सकता है जबकि किसी एक में ऐसा नहीं होगा; जैसे–ADG, FIL, KNQ समूह में प्रत्येक अक्षर के दो अक्षरों बाद अगला अक्षर है; जैसे A के बाद B एवं C को छोड़कर अगला अक्षर D है।

(3) प्रत्येक समूह में एक छोटा अक्षर तथा अन्य बड़े अक्षर हो सकते हैं; जैसे–Cab, eFD, GiH इत्यादि।

## परीक्षोपयोगी प्रश्न

**1. दिए गए तीन शब्दों में से आम गुण कौन दर्शाता है?**
**शेर : बाघ : चीता**

(a) शाकाहारी (b) मांसाहारी
(c) प्राणी गृह (d) सर्कस

**उत्तर (b)&(c)**

प्राणी गृह (Zoo) में शेर, बाघ, चीता तथा अन्य प्राणी रखे जाते हैं। वर्गीकरण के एक अन्य आधार पर कहा जा सकता है कि शेर, बाघ, चीता तीनों मांसाहारी जीव हैं, जो इनके आम गुण को दर्शाता है। अतः विकल्प (b) एवं (c) दोनों सही उत्तर होंगे।

**निर्देश : (प्रश्न संख्या 2 से 174 तक) नीचे चार शब्द/संख्याएं दी गईं हैं जिनमें से तीन किसी प्रकार से समान हैं और एक भिन्न है। कौन-सा शब्द/संख्या बाकियों से अलग है?**

**2.** (a) इंच (b) औंस
(c) सेमी. (d) गज

**उत्तर (b)**

इंच, सेमी., गज ये सभी लंबाई के मात्रक हैं, जबकि औंस द्रव्यमान का मात्रक है। अतः यह अन्य तीन से भिन्न है।

**3.** (a) भारत (b) पाकिस्तान
(c) भूटान (d) काठमांडू

**उत्तर (d)**

भारत, पाकिस्तान एवं भूटान ये सभी देश हैं जबकि काठमांडू, नेपाल की राजधानी है।

**4.** (a) अप्रैल (b) जून
(c) अगस्त (d) सितंबर

**उत्तर (c)**

अप्रैल, जून एवं सितंबर 30 दिन के होते हैं, जबकि अगस्त 31 दिन का होता है।

**5.** (a) पिस्तौल (तमंचा) (b) तलवार
(c) गन (बंदूक) (d) राइफल

**उत्तर (b)**

पिस्तौल, गन तथा राइफल से दूर से हमला या बचाव किया जा सकता है, जबकि तलवार से हमला या बचाव पास से ही किया जा सकता है।

**6.** (a) एयरटेल (b) आईडिया
(c) बी.एस.एन.एल. (d) सैमसंग

**उत्तर (d)**

एयरटेल, आईडिया एवं बी.एस.एन.एल नेटवर्क से संबंधित हैं, जबकि सैमसंग एक मोबाइल निर्माता कंपनी है।

**7.** (a) इंडिया टुडे (b) आउटलुक
(c) दी टाइम्स (d) हिंदुस्तान

**उत्तर (c)**

इंडिया टुडे, आउटलुक एवं हिंदुस्तान भारत से संबंधित समाचार पत्र या पत्रिका हैं, जबकि दी टाइम्स ब्रिटेन से संबंधित है।

**8.** (a) एमीटर : धारा (b) हाइग्रोमीटर : दाब
(c) ओडोमीटर : गति (d) सिस्मोग्राफ : भूकंप

**उत्तर (b)**

एमीटर से धारा, ओडोमीटर से गति एवं सिस्मोग्राफ से भूकंप की तीव्रता का मापन किया जाता है, जबकि हाइग्रोमीटर से वायु की आर्द्रता का मापन किया जाता है न कि दाब का। इसलिए विकल्प (b) अन्य विकल्पों से असंगत है।

**9.** (a) सोडियम (b) रेडियम
(c) थोरियम (d) यूरेनियम

**उत्तर (a)**

सोडियम सामान्य तत्व है, जबकि रेडियम, थोरियम, यूरेनियम रेडियोएक्टिव तत्व हैं।

**10.** (a) तूफान (Tempest) (b) हरीकेन (Hurricane)
(c) चक्रवात (Cyclone) (d) मानसून (Monsoon)

**उत्तर (d)**

तूफान, हरीकेन एवं चक्रवात समान हैं, जबकि मानसून भिन्न है।

**11.** (a) कछुआ (b) बत्तख
(c) ह्वेल (d) कौआ

**उत्तर (c)**

ह्वेल स्तनपायी जीव है जबकि कछुआ, बत्तख, कौआ स्तनपायी नहीं हैं।

**12.** (a) दही (Curd) (b) मक्खन (Butter)
(c) तेल (Oil) (d) चीज (Cheese)

**उत्तर (c)**

दही (Curd), मक्खन (Butter) एवं चीज (Cheese) दूध से निर्मित होते हैं, जबकि तेल भिन्न है।

**13.** (a) आन्द्रे आगासी (b) बोरिस बेकर
(c) पीट सम्प्रास (d) स्टीव वॉ

**उत्तर (d)**

आन्द्रे आगासी, बोरिस बेकर तथा पीट सम्प्रास लॉन टेनिस से संबंधित हैं, जबकि स्टीव वॉ क्रिकेट से संबंधित हैं।

**14.** (a) अकबर (b) जहांगीर
(c) शाहजहां (d) अशोक

**उत्तर (d)**

अकबर, जहांगीर एवं शाहजहां, मुगलकाल से संबंधित हैं जबकि अशोक, मौर्य काल से संबंधित हैं।

**15.** (a) आगरा (b) दिल्ली
(c) गुडगांव (d) जयपुर

**उत्तर (b)**

आगरा, गुडगांव (गुरुग्राम) एवं जयपुर शहर हैं जबकि दिल्ली, केंद्रशासित प्रदेश है।

**16.** (a) नामे (Debit) (b) जमा (Deposit)
(c) काटना (Deduction) (d) निकासी (Withdrawal)

**उत्तर (b)**

नामे (Debit), काटना (Deduction) एवं निकासी (withdrawal) में हानि होती है, जबकि जमा (Deposit) में लाभ होता है।

**17.** (a) विक्रमादित्य (b) चंद्रगुप्त
(c) हर्षवर्द्धन (d) चाणक्य

**उत्तर (d)**

यहां विक्रमादित्य, चंद्रगुप्त तथा हर्षवर्द्धन शासक थे, जबकि चाणक्य चंद्रगुप्त मौर्य का प्रधान मंत्री था।

**18.** (a) डोंगा (Canoe) (b) इग्लू (Igloo)
(c) यॉट (Yatch) (d) बेड़ा (Raft)

**उत्तर (b)**

डोंगा (Canoe), यॉट (Yatch) एवं बेड़ा (Raft) पानी पर तैरने वाली हैं, जबकि इग्लू (Igloo) एस्किमो लोगों का बर्फ का घर है।

**19.** (a) हरा (Green) (b) गुलाबी (Pink)
(c) नील (Indigo) (d) बैंगनी (Violet)

**उत्तर (b)**

गुलाबी के अतिरिक्त अन्य तीनों रंग इंद्रधनुष में शामिल रहते हैं। अतः गुलाबी इनसे भिन्न है।

**20.** (a) दल (Troop) (b) समूह (Group)
(c) भीड़ (Mob) (d) कक्षा (Class)

**उत्तर (c)**

दल (Troop), समूह (Group) तथा कक्षा (Class) एक व्यवस्थित समूह को अभिव्यक्त करता है, जबकि भीड़ (Mob) अव्यवस्थित होती है।

**21.** (a) तांबा (b) पीतल
(c) टिन (d) जस्ता

**उत्तर (b)**

तांबा (Cu), टिन (Sn), जस्ता (Zn) शुद्ध धातुएं हैं, जबकि पीतल मिश्र धातु है।

**22.** (a) लता मंगेशकर
(b) किशोर कुमार
(c) आशा भोंसले
(d) आर.डी. बर्मन

**उत्तर (d)**

लता मंगेशकर, किशोर कुमार एवं आशा भोंसले गायन से संबंधित हैं, जबकि आर.डी. बर्मन संगीतकार थे।

**23.** (a) टाइफून (b) सुनामी
(c) टोरनेडो (d) साइक्लोन

**उत्तर (b)**

टाइफून, टोरनेडो एवं साइक्लोन तूफान से संबंधित हैं, जबकि सुनामी समुद्रीय धरातल में आने वाले भूकंप के कारण उठने वाली लहरें हैं।

**24.** (a) लंदन (b) नई दिल्ली
(c) पेरिस (d) न्यूयॉर्क

**उत्तर (d)**

लंदन (ब्रिटेन), नई दिल्ली (भारत) एवं पेरिस (फ्रांस) राजधानी नगर हैं, जबकि न्यूयॉर्क (यू.एस.ए.) राजधानी नगर नहीं है।

**25.** (a) घड़ी (b) गणकयंत्र
(c) लोलक (d) कालमापक

**उत्तर (c)**

घड़ी, गणकयंत्र एवं कालमापक एक प्रकार के यंत्र हैं, जबकि लोलक यंत्र नहीं है।

**26.** (a) नौसेना (b) पोत
(c) नाव (d) खेल-नौका

**उत्तर (a)**

पोत, नाव एवं खेल-नौका ये सभी जल में परिवहन के साधन हैं, जबकि नौसेना इनका उपयोग करने वाली संस्था है।

**27.** (a) प्रेम (b) घृणा
(c) चुंबन (d) ईर्ष्या

**उत्तर (c)**

प्रेम, घृणा एवं ईर्ष्या का संबंध मनुष्य की आंतरिक क्रियाओं से है जबकि चुंबन एक प्रत्यक्ष क्रिया (बाह्य) है। इसलिए भिन्न है।

**28.** (a) मैग्ज़ीन (b) उपन्यास
(c) शब्दकोश (d) थीसिस

**उत्तर (c)**

मैग्ज़ीन, उपन्यास एवं थीसिस समान हैं, जबकि शब्दकोश इनसे भिन्न है।

**29.** (a) पणजी (b) भोपाल
(c) पुणे (d) शिलांग

**उत्तर (c)**

पणजी, गोवा की; भोपाल, मध्य प्रदेश की एवं शिलांग, मेघालय की राजधानी नगर है, जबकि पुणे किसी राज्य की राजधानी नहीं है।

**30.** (a) बुकर पुरस्कार
(b) साहित्य में नोबल पुरस्कार
(c) मैग्सेसे पुरस्कार
(d) ज्ञानपीठ पुरस्कार

**उत्तर (c)**

बुकर, साहित्य का नोबेल एवं ज्ञानपीठ पुरस्कार मात्र साहित्य के क्षेत्र में दिए जाते हैं, जबकि मैग्सेसे पुरस्कार समाज-सेवा के क्षेत्र में दिया जाता है इसलिए अन्य से भिन्न है।

**31.** (a) मक्का (b) बेथलेहम
(c) ननकाना साहिब (d) सारनाथ

**उत्तर (d)**

मक्का को पैगम्बर मुहम्मद साहब, बेथलेहम को ईसा मसीह एवं ननकाना साहिब को गुरुनानक देव के जन्म स्थान के रूप में जाना जाता है, जबकि महात्मा बुद्ध का जन्म सारनाथ (बौद्ध धर्म से संबंधित स्थल) में न होकर लुम्बिनी में हुआ था।

**32.** (a) घोड़ा (b) खच्चर
(c) गधा (d) कुत्ता

**उत्तर (d)**

घोड़ा, खच्चर एवं गधा एक ही प्रजाति से संबंधित हैं, जबकि कुत्ता भिन्न प्रजाति का है।

**33.** (a) अंडमान और निकोबार द्वीप (b) लक्षद्वीप
(c) दमन और दीव (d) गोवा

**उत्तर (d)**

अंडमान और निकोबार द्वीप, लक्षद्वीप एवं दमन और दीव केंद्रशासित प्रदेश हैं, जबकि गोवा केंद्रशासित प्रदेश नहीं है।

**34.** (a) गारो (b) खासी
(c) कांगड़ा (d) जयंतिया

**उत्तर (c)**

गारो, खासी एवं जयंतिया पूर्वोत्तर (मेघालय) की पहाड़ियां हैं जबकि कांगड़ा, हिमाचल प्रदेश में स्थित है।

**35.** (a) त्रिभुज (Triangle)
(b) स्पर्शरेखा (Tangent)
(c) वर्ग (Square)
(d) समचतुर्भुज (Rhombus)

**उत्तर (b)**

त्रिभुज, वर्ग एवं समचतुर्भुज में भुजाओं की संख्या एक से अधिक होती है, जबकि स्पर्शरेखा (Tangent) में एक ही रेखा होती है, जो वृत्त को स्पर्श करती है।

**36.** (a) अप (Up)
(b) डाऊन (Down)
(c) एबव (Above)
(d) स्माल (Small)

**उत्तर (d)**

अप (Up), डाऊन (Down) एवं एबव (Above) एक वर्ग को संबोधित करते हैं, जबकि स्माल (Small) इनसे भिन्न है।

**37.** (a) दौड़ना (b) चलना
(c) सोचना (d) कूदना

**उत्तर (c)**

दौड़ना, चलना एवं कूदना शारीरिक क्रियाएं हैं, जबकि सोचना मानसिक क्रिया है।

**38.** (a) न्यूटन (b) डार्विन
(c) आइंस्टीन (d) अमर्त्य सेन

**उत्तर (d)**

न्यूटन, डार्विन एवं आइंस्टीन वैज्ञानिक थे, जबकि अमर्त्य सेन अर्थशास्त्री हैं।

**39.** (a) ग्रह (b) धूमकेतु
(c) उपग्रह (d) सौरमंडल

**उत्तर (d)**

ग्रह, धूमकेतु तथा उपग्रह तीनों ही सौरमंडल के अंतर्गत आते हैं। अतः सौरमंडल अन्य से भिन्न होगा।

**40.** (a) रेजीमेंट (b) ब्रिगेड
(c) स्क्वाड्रॉन (d) काप्स

**उत्तर (d)**

रेजीमेंट, ब्रिगेड, तथा स्क्वाड्रॉन ये तीनों पलटन या सैनिकों की टुकड़ी का सामूहिक रूप में नाम है, जबकि काप्स एक पुलिस अधिकारी होता है।

**41.** (a) शहनाई (b) भोंपू
(c) माउथ ऑर्गन (d) तबला

**उत्तर (d)**

शहनाई, भोंपू एवं माउथ ऑर्गन ये तीनों मुंह से बजाये जाते हैं जबकि तबला हाथ से बजाया जाता है।

**42.** (a) तोता (b) चमगादड़
(c) कौआ (d) कबूतर

**उत्तर (b)**

चमगादड़ स्तनपायी जीव है, जबकि अन्य तीनों अण्डज वर्ग से संबंधित हैं।

**43.** (a) जेब्रा (b) शेर
(c) घोड़ा (d) बाघ

**उत्तर (c)**

जेब्रा, शेर एवं बाघ जंगली पशु हैं तथा घोड़ा पालतू पशु है।

**44.** (a) दुकानदार : ग्राहक (b) डॉक्टर : रोगी
(c) वकील : मुवक्किल (d) लिपिक : फाइल

**उत्तर (d)**

ग्राहक, दुकानदार के पास सामान के लिए जाते हैं : रोगी, डॉक्टर के पास इलाज के लिए जाते हैं; मुवक्किल, वकील के पास समस्या समाधान के लिए जाते हैं जबकि फाइल एवं लिपिक के बीच में ऐसा संबंध नहीं बनता है। इसलिए विकल्प (d) भिन्न है।

**45.** (a) पुतली (b) कॉर्निया
(c) रेटिना (d) मेड्यूला

**उत्तर (d)**

पुतली, कॉर्निया एवं रेटिना सभी आंख से संबंधित हैं, जबकि मेड्यूला आंख से संबंधित नहीं होती है।

**46.** (a) चिड़िया (b) चील
(c) बाज (d) गिद्ध

**उत्तर (a)**

चील, बाज एवं गिद्ध एक ही प्रजाति से संबंधित हैं, जबकि चिड़िया इनसे भिन्न है।

**47.** (a) बाजरा (b) सरसों
(c) चावल (d) गेहूं

**उत्तर (b)**

बाजरा, चावल एवं गेहूं ये सभी खाद्यान्न के अंतर्गत आते हैं, जबकि सरसों, तिलहन के अंतर्गत आता है।

**48.** (a) आइज़ोल (b) हैदराबाद
(c) भुवनेश्वर (d) डिब्रूगढ़

**उत्तर (d)**

हैदराबाद, भुवनेश्वर एवं आइज़ोल क्रमशः आंध्र प्रदेश, ओडिशा एवं मिजोरम राज्य की राजधानियां हैं, जबकि डिब्रूगढ़ असम राज्य का एक शहर है न कि राजधानी।

**49.** (a) कैटरेक्ट (Cataract)
(b) हाइपर्मेट्रोपिया (Hypermetropia)
(c) उकवत (Eczema)
(d) मोतियाबिंद (Glaucoma)

**उत्तर (c)**

कैटरेक्ट (Cataract), हाइपर्मेट्रोपिया (Hypermetropia) एवं मोतियाबिंद (Glaucoma) ये सभी आंख से संबंधित बीमारियां हैं जबकि उकवत (Eczema) त्वचा से संबंधित बीमारी है, इसलिए यह अन्य से भिन्न है।

**50.** (a) लहसुन (b) मिर्च
(c) अदरक (d) आलू

**उत्तर (b)**

लहसुन, अदरक, एवं आलू के फल जमीन के अंदर पैदा होते हैं जबकि मिर्च में फल जमीन के ऊपर पाया जाता है।

51. (a) बृहस्पति (b) सूर्य
(c) बुध (d) शनि

**उत्तर (b)**

बृहस्पति, बुध एवं शनि ग्रह हैं, जबकि सूर्य एक तारा है।

52. (a) तैराकी (b) डाइविंग
(c) ड्राइविंग (d) नौका विहार

**उत्तर (c)**

तैराकी, डाइविंग (गोता लगाना), तथा नौका बिहार ये तीनों पानी में होने वाली क्रियाएं हैं, जबकि ड्राइविंग इनसे भिन्न है।

53. (a) गैलन (b) टन
(c) क्विंटल (d) किग्रा.

**उत्तर (a)**

टन, किग्रा. एवं क्विंटल द्रव्यमान की राशियां हैं, जबकि गैलन धारिता से संबंधित है।

54. (a) ह्वेल (b) शार्क
(c) डॉल्फिन (d) मेकरल (Mackerel)

**उत्तर (d)**

ह्वेल, शार्क, डॉल्फिन एवं मेकरल में मेकरल आकार एवं वजन में अन्य की अपेक्षा छोटी एवं हल्की होती है।

55. (a) कप्तान – टीम
(b) बॉस – गैंग
(c) प्रधानमंत्री – कैबिनेट
(d) आर्टिस्ट – ट्रूप (Troupe)

**उत्तर (d)**

टीम के लीडर को 'कप्तान' कहते हैं, गैंग के लीडर को 'बॉस' कहते हैं एवं कैबिनेट का लीडर 'प्रधानमंत्री' होता है परंतु (Troupe) (ट्रूप) का लीडर 'आर्टिस्ट' नहीं होता बल्कि आर्टिस्टों के समूह को Troupe कहते हैं। इसलिए विकल्प (d) अन्य विकल्पों से भिन्न है।

56. (a) गिटार (b) हारमोनियम
(c) पियानो (d) एकोर्डियन

**उत्तर (a)**

हारमोनियम, पियानो एवं एकोर्डियन में ध्वनि, की (Key) की सहायता से उत्पन्न की जाती है, जबकि गिटार में ध्वनि, तार की सहायता से उत्पन्न की जाती है।

57. (a) चॉक (b) कलम
(c) पेंसिल (d) कागज

**उत्तर (d)**

चॉक, कलम एवं पेंसिल लिखने की सामग्रियां हैं, जबकि कागज पर लिखा जाता है।

58. (a) मंगल (b) चंद्रमा
(c) शुक्र (d) बुध

**उत्तर (b)**

मंगल, शुक्र एवं बुध ग्रह हैं, जबकि चंद्रमा पृथ्वी का उपग्रह है।

59. (a) पर्वत (b) नदी
(c) समुद्र (d) झील

**उत्तर (a)**

नदी, झील एवं समुद्र ये सभी जल के स्रोत हैं, जबकि पर्वत इनसे भिन्न है।

60. (a) गला (b) त्वचा
(c) आंख (d) कान

**उत्तर (a)**

आंख, कान एवं त्वचा ज्ञानेन्द्रियां हैं, जबकि गला इनसे भिन्न है।

61. (a) जवाहरलाल नेहरू
(b) अटल बिहारी बाजपेयी
(c) मनमोहन सिंह
(d) सोनिया गांधी

**उत्तर (d)**

जवाहरलाल नेहरू, अटल बिहारी बाजपेयी एवं मनमोहन सिंह, भारत के प्रधानमंत्री के पद को सुशोभित कर चुके हैं, जबकि सोनिया गांधी भारत की प्रधानमंत्री नहीं रही हैं।

62. (a) पत्ती (b) फल
(c) जड़ (d) फूल

**उत्तर (c)**

पत्ती, फूल एवं फल जमीन के ऊपर पाए जाते हैं, जबकि जड़ जमीन के अंदर पाई जाती है।

63. (a) भारत (b) मंगोलिया
(c) अर्जेंटीना (d) वियतनाम

**उत्तर (c)**

भारत, मंगोलिया एवं वियतनाम एशिया महाद्वीप के देश हैं, जबकि अर्जेंटीना, दक्षिण अमेरिका महाद्वीप का देश है।

64. (a) तंत्रिका (b) धमनी
(c) शिरा (d) वाल्व

**उत्तर (a)**

धमनी, शिरा एवं वाल्व रक्त परिसंचरण से संबंधित अंग हैं, जबकि तंत्रिका तंत्र, मस्तिष्क से संबंधित है।

65. (a) यजुर्वेद (b) अथर्ववेद
(c) आयुर्वेद (d) ऋग्वेद

**उत्तर (c)**

ऋग्वेद, यजुर्वेद, एवं अथर्ववेद ये सभी हिंदू धर्म के प्राचीन वेद हैं जबकि आयुर्वेद चिकित्सा से संबंधित है।

**66.** (a) आम (b) अमरूद
(c) पपाया (d) नीम

**उत्तर (d)**

आम, अमरूद एवं पपाया खाए जाने वाले फल हैं, जबकि नीम का प्रयोग औषधि बनाने में किया जाता है।

**67.** (a) कुत्ता (b) बिल्ली
(c) गाय (d) बाघ

**उत्तर (c)**

कुत्ता, बिल्ली एवं बाघ मांसाहारी पशु हैं, जबकि गाय शाकाहारी पशु है। अतः विकल्प (c) अन्य विकल्पों से भिन्न है।

**68.** (a) घड़ी (b) अंगूठी
(c) हार (माला) (d) टाई

**उत्तर (a)**

घड़ी एक यांत्रिक एवं चलायमान वस्तु है इसलिए शेष स्थिर वस्तुओं से अलग है।

**69.** (a) पोपट (तोता) (b) चमगादड़
(c) कौआ (d) चिड़िया

**उत्तर (d)**

चिड़िया पूरे पक्षी-वर्ग का प्रतिनिधित्व करती है जिसके अंतर्गत पोपट (तोता), कौआ तथा चमगादड़ एवं अन्य पक्षी आते हैं।

**70.** (a) म्याऊं (Mew) (b) भौंकना (Bark)
(c) चीखना (Shout) (d) गुर्राना (Howl)

**उत्तर (c)**

म्याऊं (Mew), भौंकना (Bark), तथा गुर्राना (Howl) ये सभी व्यवहार जानवरों से संबंधित हैं, जबकि चीखना (Shout) मनुष्यों से संबंधित है। अतः यह अन्य विकल्पों से भिन्न है।

**71.** (a) टोपी (b) पगड़ी
(c) टोप (d) पर्दा

**उत्तर (d)**

टोपी, पगड़ी, टोप सिर पर लगाई जाती हैं, जबकि पर्दा दरवाजे और खिड़कियों पर लगाए जाते हैं। अतः पर्दा अन्य विकल्पों से भिन्न है।

**72.** (a) मृत्यु : रोग : रोगाणु
(b) खेल : मैच : विजय
(c) चोरी : प्राप्ति : हानि
(d) वर्षा : बादल : बाढ़

**उत्तर (a)**

दिए गए विकल्पों में विकल्प (a) में दिए गए शब्दों से अर्थपूर्ण संबंध बन रहा है जो कि निश्चित रूप से सत्य भी होगा, जैसे मृत्यु का कारण रोग तथा रोग का कारण रोगाणु होते हैं। अतः विकल्प (a) अन्य से भिन्न है।

**73.** (a) हाइड्रोजन (b) नाइट्रोजन
(c) ऑक्सीजन (d) पारा (Mercury)

**उत्तर (d)**

हाइड्रोजन, नाइट्रोजन और ऑक्सीजन गैसीय रूप में होते हैं। जबकि पारा गैसीय रूप में नहीं होता है। अतः विकल्प (d) अन्य विकल्पों से भिन्न है।

**74.** (a) लिखना (Write) (b) पढ़ना (Read)
(c) सीखना (Learn) (d) ज्ञान (Knowledge)

**उत्तर (d)**

लिखना, पढ़ना, सीखना तीनों से ज्ञान प्राप्त होता है। अतः विकल्प (d) अन्य विकल्पों से भिन्न है।

**75.** (a) दिमाग (b) आंखें
(c) कान (d) टांगें

**उत्तर (a)**

टांगें, आंख एवं कान इन सभी का नियंत्रण दिमाग द्वारा होता है। अतः विकल्प (b), (c) तथा विकल्प (d) समान हैं। इसलिए विकल्प (a) अन्य विकल्पों से भिन्न है।

**76.** (a) शक्कर (b) पेट्रोल
(c) रस (d) पानी

**उत्तर (a)**

पेट्रोल, पानी, रस (Liquid) द्रव अवस्था में पाए जाते हैं। जबकि शक्कर ठोस अवस्था में पाई जाती है।

**77.** (a) हरिणी (b) कुतिया
(c) जादूगरनी (d) नर मधुमक्खी

**उत्तर (d)**

हरिणी, कुतिया, जादूगरनी मादा समूह से संबंधित हैं, जबकि नर मधुमक्खी नर समूह से संबंधित है। अतः नर मधुमक्खी अन्य तीनों शब्दों से अलग है।

**78.** (a) कृष्णा (b) महानदी
(c) गोदावरी (d) नील

**उत्तर (d)**

कृष्णा, गोदावरी और महानदी भारत देश में बहती हैं, जबकि नील नदी मिस्र देश में बहती है। अतः नील नदी, कृष्णा, गोदावरी और महानदी के समूह से भिन्न है।

**79.** (a) कठोर और मुलायम
(b) गर्म और ठंडे
(c) सही और गलत
(d) आ और आने

**उत्तर (d)**

विकल्प (d) को छोड़कर अन्य विकल्प में दिए गए अक्षर एक-दूसरे के विलोम शब्द हैं।
अर्थात
कठोर का विलोम शब्द- मुलायम
गर्म का विलोम शब्द - ठंडा
सही का विलोम शब्द - गलत
तथा आने का विलोम शब्द - जाने
अतः आ और आने एक-दूसरे के विलोम शब्द नहीं हैं।

**80.** (a) कंधा (b) पांव
(c) कुहनी (d) भुजा

**उत्तर (b)**

कंधा, कुहनी, भुजा, हाथ से संबंधित हैं, जबकि पांव इनसे भिन्न है।

**81.** (a) बहन (b) चिकित्सक
(c) पिता (d) भाई

**उत्तर (b)**

बहन, पिता, भाई, परिवार के संबंधों को दर्शाते हैं, जबकि चिकित्सक व्यवसाय को इंगित करता है।

**82.** (a) दर्जी (b) बढ़ई
(c) लुहार (d) नाई

**उत्तर (d)**

नाई, बालों को काटकर अलग करता है जबकि लुहार लोहे को, बढ़ई लकड़ी को तथा दर्जी कपड़ों को जोड़कर वस्तुएं बनाते हैं।

**83.** (a) बाघ (b) डॉल्फिन
(c) जेबरा (d) मगरमच्छ

**उत्तर (d)**

बाघ, डॉल्फिन, जेबरा स्तनपायी जीव हैं, जबकि मगरमच्छ सरीसृप वर्ग से संबंधित है।

**84.** (a) खोपड़ी (b) आंत्रपुच्छ
(c) श्रोणि (d) बहिर्जंघिका

**उत्तर (b)**

खोपड़ी, श्रोणि तथा बहिर्जंघिका का निर्माण हड्डियों से होता है जबकि आंत्रपुच्छ के निर्माण में हड्डियां नहीं होती हैं।

**85.** (a) टमाटर (b) आलू
(c) गाजर (d) प्याज

**उत्तर (a)&(d)**

वर्गीकरण के आधार पर इस प्रश्न के दो उत्तर दिए जा सकते हैं प्रथम आधार यह होगा कि टमाटर जमीन के ऊपर होता है, जबकि अन्य जमीन के नीचे होते हैं, इस प्रकार टमाटर को सही उत्तर मान सकते हैं। एक अन्य आधार यह भी हो सकता है कि प्याज को एकबीजपत्री (Monocot) पौधे की श्रेणी में रखा जाता है, जबकि टमाटर, आलू एवं गाजर को डाइकोट (Dicot) पौधों की श्रेणी में रखा जाता है। अतः इस आधार पर प्याज अन्य से भिन्न होगा।

**86.** (a) कुर्सी और मेज
(b) शर्ट और पतलून
(c) घर और घर
(d) कलम और दवात

**उत्तर (c)**

कुर्सी और मेज, शर्ट और पतलून तथा कलम और दवात ये सभी अपने-अपने समूह की दो वस्तुएं हैं, जबकि घर और घर में अपने समूह की एक ही वस्तु का प्रयोग दो बार किया गया है।

**87.** (a) बेल (b) खेत
(c) पौधा (d) वृक्ष

**उत्तर (b)**

बेल, पौधा और वृक्ष, पृथ्वी पर उगने वाले पादप हैं, जबकि 'खेत' पृथ्वी का भाग है।

**88.** (a) टाइफाइड (b) टिटेनस
(c) हीमोफीलिया (d) डिफ्थीरिया

**उत्तर (c)**

हीमोफीलिया एक आनुवंशिक रोग है, जबकि अन्य रोग आनुवंशिक नहीं होते हैं।

**89.** (a) बिलियर्ड (b) फेन्सिंग
(c) क्रिकेट (d) हॉकी

**उत्तर (b)**

बिलियर्ड, क्रिकेट तथा हॉकी के खेल में बॉल का प्रयोग किया जाता है, जबकि फेन्सिंग में तलवार का प्रयोग किया जाता है।

**90.** (a) टेबल (b) कुर्सी
(c) डाईनिंग (d) टेबल क्लॉथ

**उत्तर (c)**

टेबल, कुर्सी तथा टेबल क्लॉथ सभी डाईनिंग टेबल के भाग हैं। जबकि डाईनिंग का अर्थ भोजन करना होता है।

**91.** (a) बीरबल (b) अबुल फजल
(c) फैज अहमद (d) तानसेन

**उत्तर (c)**

बीरबल, अबुल फजल तथा तानसेन, अकबर के नौ-रत्नों में शामिल थे, जबकि फैज अहमद एक शायर थे जो नौ-रत्नों में से नहीं थे।

**92.** (a) आलमारी (b) मेज
(c) तिपाई (d) सज्जा सामग्री (फर्नीचर)

**उत्तर (d)**

आलमारी, मेज तथा तिपाई, फर्नीचर के भाग हैं।

**93.** (a) सेमिनार (b) सेमीकोलन
(c) सेमीसर्किल (d) सेमीटोन

**उत्तर (a)**

सेमीकोलन, सेमीसर्किल तथा सेमीटोन किसी वस्तु इत्यादि के आधे भाग (Half) को प्रदर्शित करते हैं, जबकि सेमिनार अन्य से भिन्न है।

**94.** (a) कृत्रिम रेशम (b) जूट
(c) कपास (d) ऊन

**उत्तर (a)**

कपास, ऊन और जूट का उत्पादन प्राकृतिक रूप से होता है, जबकि कृत्रिम रेशम (Artificial silk) का उत्पादन कृत्रिम रूप से होता है।

**95.** (a) लार्वा (b) प्यूपा
(c) इल्ली (d) अर्भक (निम्फ)

**उत्तर (d)**

लार्वा, प्यूपा तथा इल्ली एक तितली के जीवन चक्र की अवस्था है, जबकि अर्भक (निम्फ) तितली के जीवन चक्र की अवस्था नहीं है।

**96.** (a) लाल (b) हरा
(c) बैंगनी (d) गुलाबी

**उत्तर (d)**

प्रकाश के प्रकीर्णन में उत्पन्न सातों रंगों में गुलाबी रंग नहीं होता है, अन्य सभी रंग प्रकाश के प्रकीर्णन में उत्पन्न रंग हैं।

**97.** (a) समाचार-पत्र (b) प्रेस
(c) संस्करण (d) ऑडिशन

**उत्तर (d)**

समाचार-पत्र, प्रेस तथा संस्करण एक-दूसरे से संबंधित हैं, जबकि ऑडिशन भिन्न है।

**98.** (a) सुनना (Hear) (b) सूंघना (Smell)
(c) स्वाद लेना (Taste) (d) सोचना (Think)

**उत्तर (d)**

सोचना, सूंघना तथा स्वाद लेना ये सभी कार्य ज्ञानेंद्रियों द्वारा किए जाते हैं, जबकि सोचना मस्तिष्क का कार्य है।

**99.** (a) महामंदिर (b) मस्जिद
(c) चर्च (d) मठ

**उत्तर (d)**

महामंदिर, मस्जिद तथा चर्च एक धार्मिक प्रार्थना स्थल हैं, जबकि मठ धार्मिक निवास स्थान होता है।

**100.** (a) जम्बुमणि (b) मानिक
(c) संगमरमर (d) नीलम

**उत्तर (c)**

जम्बुमणि, मानिक तथा नीलम रत्न होते हैं, जबकि संगमरमर रत्न नहीं पत्थर होता है।

**101.** (a) घर (b) अपार्टमेंट
(c) इमारत (d) समाज

**उत्तर (d)**

घर, अपार्टमेंट और इमारत निवास स्थल हैं। जबकि समाज तीनों विकल्पों से भिन्न है।

**102.** (a) गोंद (b) पेस्ट
(c) तेल (d) सीमेंट

**उत्तर (c)**

गोंद, पेस्ट तथा सीमेंट किसी वस्तु को जोड़ने/चिपकाने का कार्य करते हैं, जबकि तेल का प्रयोग जोड़ने/चिपकाने में नहीं किया जाता है।

**103.** (a) गाय (b) खरगोश
(c) बकरी (d) कुत्ता

**उत्तर (d)**

गाय, खरगोश तथा बकरी, शाकाहारी जंतु हैं, जबकि कुत्ता सर्वाहारी जंतु है।

**104.** (a) तालाब-झील (b) पिस्तौल-बंदूक
(c) कार-बस (d) चर्च-स्मारक

**उत्तर (d)**

चर्च-स्मारक दोनों अलग-अलग हैं, जबकि अन्य विकल्पों में पहले छोटा फिर उसी वस्तु का बड़ा रूप है।

**105.** (a) धर्म-युद्ध (b) अभियान
(c) समुद्री पर्यटन (d) मुहिम

**उत्तर (c)**

धर्म-युद्ध, अभियान तथा मुहिम किसी के विरुद्ध की जाती है, जबकि समुद्री पर्यटन किसी के विरुद्ध नहीं होते हैं।

**106.** (a) गुजरात (b) केरल
(c) बिहार (d) पश्चिम बंगाल

**उत्तर (c)**

गुजरात, केरल तथा पश्चिम बंगाल समुद्र तटीय राज्य हैं, जबकि बिहार समुद्र तटीय राज्य नहीं है।

**107.** (a) गामा (b) बीटा
(c) पीसो (d) डेल्टा

**उत्तर (c)**

गामा, बीटा तथा डेल्टा ज्यामिति से संबंधित हैं, जबकि पीसो एक मुद्रा है।

**108.** (a) रेखागणित (b) बीजगणित
(c) त्रिकोणमिति (d) गणित

**उत्तर (d)**

रेखागणित, बीजगणित और त्रिकोणमिति ये तीनों गणित के अंग हैं।

**109.** (a) मध्यम (b) औसत
(c) माध्य (d) माध्यम

**उत्तर (d)**

माध्यम भिन्न है जबकि औसत, मध्यम तथा माध्य एक ही शब्द के पर्याय हैं।

**110.** (a) मक्खन (b) दही
(c) आइसक्रीम (d) जूस

**उत्तर (d)**

दही, मक्खन तथा आइसक्रीम ये सभी खाद्य पदार्थ दूध से निर्मित होते हैं जबकि जूस, फल, साग एवं सब्जियों आदि से निकाला जाता है।

**111.** (a) कैरोट (गाजर)
(b) रेडिश (मूली)
(c) पोटैटो (आलू)
(d) स्वीट पोटैटो (शकरकंद)

**उत्तर (c)**

आलू तना है, जबकि अन्य जड़ें हैं।

**112.** (a) पोपट (तोता) (b) कोयल
(c) गिद्ध (d) बत्तख

**उत्तर (d)**

तोता, कोयल तथा गिद्ध नभचर जीव हैं, परंतु बत्तख पानी में भी (उभयचर) रहती है।

**113.** (a) टोक्यो (b) पेरिस
(c) जकार्ता (d) बैंकॉक

**उत्तर (b)**

पेरिस यूरोपीय देश फ्रांस की राजधानी है जबकि टोक्यो, जकार्ता व बैंकॉक क्रमशः एशियाई देशों-जापान, इंडोनेशिया तथा थाईलैंड की राजधानियां हैं।

**114.** (a) रेशम (b) कपास
(c) नायलॉन (d) ऊन

**उत्तर (c)**

रेशम, कपास तथा ऊन प्राकृतिक उत्पाद हैं, जबकि नायलॉन कृत्रिम उत्पाद है।

**115.** (a) आंख (b) नाक
(c) हाथ (d) कान

**उत्तर (c)**

आंख, नाक, कान ये तीनों ज्ञानेन्द्रियां हैं, जबकि हाथ अन्य तीनों से असंगत है।

**116.** (a) यूरेनियम (b) प्लूटोनियम
(c) रेडियम (d) हीलियम
(e) इनमें से कोई नहीं

**उत्तर (d)**

हीलियम एक अक्रिय तत्व है, जो रासायनिक क्रिया नहीं करता जबकि यूरेनियम, प्लूटोनियम, रेडियम ये तीनों सक्रिय तत्व हैं जो रासायनिक क्रिया करते हैं।

**117.** (a) बैलगाड़ी (b) साइकिल
(c) कार (d) स्लेज

**उत्तर (d)**

बैलगाड़ी, साइकिल और कार स्थल पर चलते हैं, जबकि स्लेज बर्फ पर चलती है। अतः स्लेज तीनों से अलग है।

**118.** (a) मार्च (b) अप्रैल
(c) जून (d) सितंबर

**उत्तर—(a)**

मार्च माह में 31 दिन तथा अन्य सभी महीनों में 30 दिन होते हैं।

**119.** (a) प्रिंटर (b) की-बोर्ड
(c) जॉय स्टिक (d) माउस
(e) उपर्युक्त में से कोई नहीं

**उत्तर (a)**

प्रिंटर छापता है, जबकि अन्य सभी यंत्र को नियंत्रित करने के साधन हैं। की-बोर्ड, जॉयस्टिक एवं माउस तीनों ही कंप्यूटर के इनपुट डिवाइस हैं, जबकि प्रिंटर आउटपुट डिवाइस है। अतः प्रिंटर अन्य से भिन्न होगा।

**120.** (a) पत्ता (b) जड़
(c) फल (d) पौधा

**उत्तर (d)**

जड़, पत्ता और फल सभी पौधे के ही भाग हैं।

**121.** (a) भूगोल (b) भौतिकी
(c) रसायन (d) जीव विज्ञान

**उत्तर (a)**

भूगोल एक मानविकी विषय है जबकि भौतिकी, रसायन और जीव विज्ञान वैज्ञानिक विषय हैं।

**122.** (a) प्लेटफार्म (b) पार्क
(c) बस-स्टैण्ड (d) पोत-घाट
(e) उपरोक्त में से कोई नहीं

**उत्तर (b)**

पार्क के अलावा प्लेटफार्म, बस-स्टैण्ड तथा पोत-घाट यात्री-वाहन के स्टाफ-स्थल से संबंधित हैं।

**123.** (a) पिन (b) सुई
(c) छड़ी (d) कांटा

**उत्तर (c)**

छड़ी को छोड़कर पिन, कांटा और सुई सभी नुकीले होते हैं तथा चुभने पर दर्द उत्पन्न करते हैं।

**124.** (a) दिसंबर
(b) अक्टूबर
(c) नवंबर
(d) अगस्त
(e) उपरोक्त में से कोई नहीं

**उत्तर (c)**

नवंबर माह में 30 दिन होते हैं जबकि दिसंबर, अक्टूबर और अगस्त में 31 दिन होते हैं। इसलिए नवंबर अन्य से असामान्य है।

**125.** निम्नलिखित युग्मों पर विचार करें-
(i) केन्स : फ्रांस
(ii) डावोस : डेनमार्क
(iii) रोलैंड गैरोस : नीदरलैंड
कौन-सा युग्म सही है/हैं?
(a) केवल (i) और (ii)
(b) केवल (i)
(c) (ii) और (iii)
(d) (i), (ii) और (iii)

**उत्तर (b)**

केन्स, फ्रांस में है जबकि डावोस, स्विट्जरलैंड में है तथा रोलैंड गैरोस, फ्रेंच ओपन टेनिस प्रतियोगिता है। अतः विकल्प (b) सही उत्तर है।

**126.** (a) 625 (b) 853
(c) 743 (d) 945

**उत्तर (a)**

विकल्प (a) को छोड़कर अन्य विकल्प में दी गई संख्या में पहला अंक शेष दो अंकों के योगफल के बराबर है।
जैसे-
विकल्प (a) से $6 \neq 2+5$
विकल्प (b) से $8 = 5+3$
विकल्प (c) से $7 = 4+3$
विकल्प (d) से $9 = 4+5$

**द्वितीय विधि-**
विकल्प (a) एक वर्ग संख्या है, जबकि अन्य विकल्प की संख्याएं वर्ग संख्याएं नहीं हैं।

**127.** (a) 37 (b) 81
(c) 13 (d) 19

**उत्तर (b)**

संख्या 81 एक वर्ग संख्या है, जबकि अन्य विकल्पों में दी गई संख्याएं वर्ग संख्याएं नहीं हैं।

**द्वितीय विधि-**
37, 13 तथा 19 अभाज्य संख्याएं हैं, जबकि 81 अभाज्य संख्या नहीं है।

**128.** (a) 23 – 29 (b) 13 – 17
(c) 19 – 25 (d) 3 – 5

**उत्तर (c)**

विकल्प (c) को छोड़कर अन्य सभी विकल्प अभाज्य संख्याओं का जोड़ा है। जबकि विकल्प (c) में संख्या 25 भाज्य संख्या है।

**129.** (a) 8 (b) 42
(c) 49 (d) 35

**उत्तर (*)**

विकल्प (b), (c) तथा (d) में दी संख्याएं संख्या 7 से विभाज्य हैं जबकि विकल्प (a) में दी गई संख्या 7 से विभाजित नहीं होती है। अर्थात

विकल्प (b) से $\frac{42}{7} = 6$

विकल्प (c) से $\frac{49}{7} = 7$

विकल्प (d) से $\frac{35}{7} = 5$

विकल्प (a) से $\frac{8}{7} = 1$ शेषफल

अतः विकल्प (a) विभाज्य नहीं है।

**द्वितीय विधि-**
49 एक वर्ग संख्या है, जबकि अन्य वर्ग संख्या नहीं हैं। अतः विकल्प (c) विषम है।

**तृतीय विधि-**
8 एक घन संख्या है, जबकि अन्य संख्याएं घन संख्या नहीं हैं। दिए गए विकल्पों में से चयन के आधार पर इस प्रश्न का उत्तर (a) हो सकता है।

**130.** (a) 131 (b) 256
(c) 225 (d) 400

**उत्तर (a)**

विकल्प (b), (c) तथा (d) में दी गई संख्याएं क्रमशः 16, 15 तथा 20 की वर्ग संख्या है, जबकि 131 वर्ग संख्या नहीं है।

**131.** (a) 21, 42 (b) 24, 48
(c) 37, 74 (d) 35, 28

**उत्तर (d)**

विकल्प (a) से $42 = 21 \times 2$
विकल्प (b) से $48 = 24 \times 2$
विकल्प (c) से $74 = 37 \times 2$
विकल्प (d) से $28 \neq 35 \times 2$
अतः विकल्प (d) अन्य विकल्पों से भिन्न है।

**132.** (a) 1 (b) 16
(c) 81 (d) 243

**उत्तर (d)**

विकल्प (a) से $1 = 1^2$
विकल्प (b) से $16 = 4^2$
विकल्प (c) से $81 = 9^2$
विकल्प (d) से $243 = 3^5$
अतः स्पष्ट है कि विकल्प (d) को छोड़कर अन्य संख्याएं वर्ग संख्या है, जबकि विकल्प (d) में दी गई संख्या वर्ग संख्या नहीं है।

**133.** (a) 64 (b) 900
(c) 343 (d) 1000

**उत्तर (b)**

विकल्प (a) से $64 = 4^3$
विकल्प (b) से $900 = 30^2$
विकल्प (c) से $343 = 7^3$
विकल्प (d) से $1000 = 10^3$
अतः स्पष्ट है कि विकल्प (b) में दी गई संख्या को छोड़कर अन्य सभी संख्याएं घन संख्या है, जबकि विकल्प (b) में दी गई संख्या वर्ग संख्या है।

**134.** (a) 64 – 8 (b) 80 – 9
(c) 7 – 49 (d) 36 – 6

**उत्तर (b)**

विकल्प (a) से $64 = 8^2$
विकल्प (b) से $80 = 9^2 - 1$
विकल्प (c) से $49 = 7^2$
विकल्प (d) से $36 = 6^2$
अतः स्पष्ट है कि विकल्प (b) अन्य विकल्पों से भिन्न है।

**135.** (a) 62 – 37 (b) 74 – 40
(c) 85 – 60 (d) 103 – 78

**उत्तर (b)**

विकल्प (a) से $62 - 37 = 25$
विकल्प (b) से $74 - 40 = 34$
विकल्प (c) से $85 - 60 = 25$
विकल्प (d) से $103 - 78 = 25$
अतः स्पष्ट है कि विकल्प (b) में दी गई संख्याओं का अंतर अन्य विकल्पों में दी गई संख्याओं के अंतर के समान नहीं है। इसलिए विकल्प (b) अन्य विकल्पों से भिन्न है।

**136.** (a) 153, 45 (b) 165, 80
(c) 132, 36 (d) 124, 48

**उत्तर (c)**

विकल्प (a) से $153 = 15 \times 3 = 45$ (दाईं ओर की संख्या)
विकल्प (b) से $165 = 16 \times 5 = 80$ (दाईं ओर की संख्या)
विकल्प (c) से $132 = 13 \times 2 = 26 \neq 36$ (दाईं ओर की संख्या)
विकल्प (d) से $124 = 12 \times 4 = 48$ (दाईं ओर की संख्या)
अतः उपरोक्त से स्पष्ट है कि विकल्प (c) अन्य विकल्पों से भिन्न है।

**137.** (a) 27 (b) 64
(c) 75 (d) 216

**उत्तर (c)**

विकल्प (c) में दी गई संख्या को छोड़कर अन्य सभी संख्याएं घन संख्या हैं। जबकि विकल्प (c) में दी गई संख्या घन संख्या नहीं है।
अर्थात
$27 \rightarrow 3^3$
$64 \rightarrow 4^3$
$75 \rightarrow 5^2 \times 3$
$216 \rightarrow 6^3$

**138.** (a) 10 – 60 (b) 30 – 90
(c) 40 – 240 (d) 20 – 120

**उत्तर (b)**

विकल्प (a) से 10 – 60 या $\frac{60}{10} = 6$

विकल्प (b) से 30 – 90 या $\frac{90}{30} = 3$

विकल्प (c) से 40 – 240 या $\frac{240}{40} = 6$

विकल्प (d) से 20 – 120 या $\frac{120}{20} = 6$

अतः विकल्प (b) अन्य विकल्पों से भिन्न है।

**139.** (a) 42 – 28 (b) 28 – 14
(c) 30 – 24 (d) 49 – 35

**उत्तर (c)**

विकल्प (a) से 42 – 28 = 14
विकल्प (b) से 28 – 14 = 14
विकल्प (c) से 30 – 24 = 6
विकल्प (d) से 49 – 35 = 14
अतः विकल्प (c) अन्य विकल्पों से भिन्न है।

**140.** (a) 169 (b) 121
(c) 181 (d) 144

**उत्तर (c)**

संख्या 169, 121 एवं 144 वर्ग संख्याएं हैं, जबकि 181 वर्ग संख्या नहीं है।

**141**. (a) 147 (b) 579
(c) 135 (d) 257

**उत्तर (d)**

257 को छोड़कर शेष सभी संख्याएं 3 से विभाजित हो रही हैं। अतः 257 भिन्न है। 257 अभाज्य संख्या भी है।

**142.** (a) 28 (b) 45
(c) 72 (d) 81

**उत्तर (d)**

81 अन्य से अलग है क्योंकि यह एक वर्ग संख्या है अन्य संख्याएं वर्ग संख्याएं नहीं हैं।

**143.** (a) FCGDE (b) TRQPS
(c) KJHMF (d) KHGJI

**उत्तर (c)**

विकल्प (a),(b) तथा (d) में दिए अक्षरों को वर्णमाला के अनुसार क्रम में करने पर वे एक व्यवस्थित क्रम दर्शाते हैं, जबकि विकल्प (c) में दिए गए अक्षरों का कोई व्यवस्थित क्रम नहीं है।

**144.** (a) MINP (b) FCED
(c) DEFG (d) ILKJ

**उत्तर (a)**

विकल्प (b), (c) एवं (d) में दिए गए शब्दों में अक्षर वर्णमाला के लगातार क्रम वाले हैं, जबकि MINP विकल्प (a) में ऐसा नहीं है।

**145.** (a) SSTO (b) OOTU
(c) TTOU (d) USTO

**उत्तर (d)**

विकल्प (a), (b) एवं (c) में दिए गए अक्षरों में पहले दो अक्षर समान हैं, जबकि विकल्प (d) में ऐसा नहीं है इसलिए वह अन्य से भिन्न है।

**146.** (a) IMF (b) SAARC
(c) UNICEF (d) WHO

**उत्तर (b)**

IMF, UNICEF एवं WHO सभी संयुक्त राष्ट्र से संबंधित हैं, जबकि SAARC दक्षिण-एशियाई देशों का संगठन है।

**147.** (a) CZHK (b) XUBU
(c) FQMV (d) ARTG

**उत्तर (b)**

विकल्प (a), (c) एवं (d) में आए शब्दों में अक्षरों की पुनरावृत्ति नहीं हुई है, जबकि विकल्प (b) में हुई है।

**148.** (a) RAT (b) SAT
(c) GET (d) CAT

**उत्तर (c)**

RAT, SAT एवं CAT शब्दों में 'A' Vowel मध्य में आया है, जबकि GET शब्द के मध्य में 'E' Vowel आया है।

**149.** (a) AEC (b) PTR
(c) FJH (d) KPM

**उत्तर (d)**

A E C, P T R, F J H, K P M
+4 -2, +4 -2, +4 -2, +5 -3

उपर्युक्त से स्पष्ट है कि KPM समूह से अलग है।

**150.** (a) SVUT (b) FGHI
(c) CFED (d) ILKJ

**उत्तर (b)**

SVUT, CFED एवं ILKJ में पहले अक्षर के पश्चात अंत से प्रारंभ की तरफ अक्षर वर्णमाला क्रम में हैं, जबकि विकल्प (b) में शब्द के अक्षर प्रारंभ से अंत तक लगातार क्रम में हैं।

**151.** (a) BCD (b) KMN
(c) QRS (d) GHI

**उत्तर (b)**

विकल्प (a), (c) एवं (d) में दिए गए शब्दों में अक्षर वर्णमाला के लगातार क्रम में हैं, जबकि विकल्प (b) में ऐसा नहीं है।

**152.** (a) PSVX (b) CFIL
(c) JMPS (d) ORUX

**उत्तर (a)**

P S V X, C F I L, J M P S, O R U X
+3 +3 +2, +3 +3 +3, +3 +3 +3, +3 +3 +3

अतः विकल्प (a) विषम है।

**153.** (a) BAC (b) POQ
(c) STU (d) YXZ

**उत्तर (c)**

BAC, POQ एवं YXZ में अक्षर, वर्णमाला क्रम में नहीं हैं, जबकि STU में अक्षर, वर्णमाला क्रम में हैं।

**154.** (a) ACEG (b) BDFG
(c) SUWY (d) RTVX

**उत्तर (b)**

A C E G (+2 +2 +2), BD FG (+2 +2 +1),
S U W Y (+2 +2 +2), R T V X (+2 +2 +2)

इस प्रकार स्पष्ट है कि BDFG अन्य विकल्पों से भिन्न है।

**155.** (a) Eye (b) Ear
(c) Heart (d) Lung

**उत्तर (c)**

मनुष्य के शरीर में Eye, Ear एवं Lung जोड़े (दो) के रूप में होते हैं, जबकि Heart शरीर में एक ही होता है।

**156.** (a) DEB (b) HIF
(c) NOL (d) RTP

**उत्तर (d)**

D E B (-2, +1), H I F (-2, +1), N O L (-2, +1), RTP (-2, +2)

उपर्युक्त से स्पष्ट है कि RTP अन्य से भिन्न है।

**157.** (a) HJN (b) JLP
(c) PRU (d) QSW

**उत्तर (c)**

H J N (+2, +4), J L P (+2, +4), P R U (+2, +3), Q S W (+2, +4)

उपर्युक्त से स्पष्ट है कि PRU अन्य से भिन्न है।

**158.** (a) ABCD (b) KLMN
(c) QRST (d) FHJM

**उत्तर (d)**

विकल्प (a), (b) एवं (c) में दिए गए अक्षर वर्णमाला के लगातार क्रम में हैं, जबकि विकल्प (d) में ऐसा नहीं है।

**159.** (a) ANBP (b) CPDQ
(c) FSGT (d) IVJW

**उत्तर (a)**

विकल्प (a) से A N B P (+1, +2), विकल्प (b) से C P D Q (+1, +1)
विकल्प (c) से F S G T (+1, +1), विकल्प (d) से I V J W (+1, +1)

अतः विकल्प (a) अन्य तीनों से भिन्न है।

**160.** (a) BEHK (b) CFIL
(c) ILOS (d) PSVY

**उत्तर (c)**

BEHK → B E H K (+3 +3 +3)

CFIL → C F I L (+3 +3 +3)

ILOS → I L O S (+3 +3 +4)

PSVY → P S V Y (+3 +3 +3)

अतः विकल्प (c) अन्य समूहों से भिन्न है।

**161.** (a) MeFb (b) XoZn
(c) NSPq (d) LpVs

**उत्तर (c)**

विकल्प (c) के अलावा अन्य सभी विकल्पों में अंग्रेजी वर्णमाला के दो बड़े अक्षर तथा दो छोटे अक्षर हैं।

**162.** (a) LMNO (b) RSTU
(c) DEFG (d) KLNO

**उत्तर (d)**

विकल्प (d) के अलावा अन्य सभी वर्णसमूह, वर्णक्रम के अनुसार हैं।

**163.** (a) Guitar (b) Bongo
(c) Violin (d) Sitar

**उत्तर (b)**

Guitar, Violin एवं Sitar तार की सहायता से बजाए जाते हैं, जबकि Bongo (हाथ से बजाने वाला एक ड्रम) बजाने के लिए तार की आवश्यकता नहीं पड़ती है।

**164.** (a) फैलना : फूलना
(b) भेद करना : पहचानना
(c) विस्तरण : अभिसरण
(d) दैवीय : स्वर्गीय

**उत्तर (d)**

फैलना-फूलना, भेद करना-पहचानना एवं विस्तरण-अभिसरण एक-दूसरे के पर्यायवाची शब्द हैं, जबकि दैवीय-स्वर्गीय के साथ ऐसा नहीं है।

**165.** (a) बर्फ का टुकड़ा : ठंडा
(b) लोहा : सख्त
(c) पर्स : धन
(d) संगमरमर : चिकना

**उत्तर (c)**

बर्फ का गुण ठंडा, लोहे का गुण सख्त एवं संगमरमर का गुण चिकना होता है। इसलिए इसमें समानता है परंतु पर्स एवं धन में ऐसा संबंध नहीं होता है इसलिए यह अन्य से भिन्न है।

**166.** (a) पानी : प्यास (b) प्रतिभा : शिक्षा
(c) भोजन : भूख (d) हवा : घुटन

**उत्तर (b)**

प्यास बुझाने के लिए पानी, भूख मिटाने के लिए भोजन एवं घुटन मिटाने के लिए हवा की आवश्यकता होती है, जबकि शिक्षा के लिए प्रतिभा की आवश्यकता नहीं है। सामान्य आदमी भी शिक्षा ग्रहण कर सकता है।

**167.** (a) बांग्लादेश : टका (b) चीन : युआन
(c) भारत : रुपया (d) इंग्लैंड : डॉलर

**उत्तर (d)**

टका, युआन, एवं रुपया क्रमशः बांग्लादेश, चीन एवं भारत की मुद्राएं हैं, जबकि इंग्लैंड की मुद्रा डॉलर न होकर पाउंड है।

**168. निम्नलिखित में से खाद्यों का कौन-सा समूह पेड़ों की जड़ से प्राप्त किया जाता है?**
(a) पालक, बंद गोभी, धनिया
(b) आलू, आम, ब्रोकोली (गोभी का एक प्रकार)
(c) गन्ना, प्याज, चुकंदर
(d) मूली, शलजम (टर्निप), गाजर

**उत्तर (d)**

मूली, शलजम और गाजर पेड़ की जड़ों से प्राप्त होते हैं।

**169. भाषा का आवश्यक अंग है-**
(a) जीभ (b) अपभाषा
(c) लेखन (d) शब्द

**उत्तर (c)**

लेखन, भाषा का आवश्यक भाग होता है।

**170. विद्यालय का आवश्यक अंग है-**
(a) परीक्षा (b) विद्यार्थी
(c) रिपोर्ट कार्ड (d) मध्याह्न भोजन

**उत्तर (b)**

बिना विद्यार्थियों के विद्यालय नहीं हो सकता है अतः विद्यार्थी, विद्यालय के आवश्यक भाग होते हैं।

**171. निम्नलिखित में से कौन-सा 'बहादुरी' (Bravery) में सदैव पाया जाता है?**
(a) अनुभव (Experience)
(b) साहस (Courage)
(c) शक्ति (Power)
(d) ज्ञान (Knowledge)

**उत्तर (b)**

साहस, (Courage) बहादुरी में सदैव पाया जाता है।

**172. एक आदमी के पास निम्न में से क्या सदैव रहेगा?**
(a) दांत (b) पैर
(c) हृदय (d) आंखें

**उत्तर (c)**

एक आदमी के पास उसका हृदय हमेशा रहेगा, क्योंकि हृदय के बिना आदमी जिंदा नहीं रह सकता है।

**173. निम्न में से क्या एक तिलहन है?**
(a) इलायची (b) लहसुन
(c) लौंग (d) राई

**उत्तर (d)**

दिए गए विकल्पों में से राई (सरसों) तिलहन के अंतर्गत आता है।

**174. Foal, colt, filly - ये तीनों नाम किसके शावक से संबंधित हैं?**
(a) हरिण (b) घोड़ा
(c) कुत्ता (d) बिल्ली

**उत्तर (b)**

Foal, colt, filly ये तीनों नाम घोड़े के शावक से संबंधित हैं।